राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन
National Mission for Manuscripts

ग्यारहवें वर्ष का प्रतिवेदन
Report of the Eleventh Year
2013-2014

प्रकाशक:
निदेशक
राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन
11, मानसिंह रोड
नई दिल्ली - 110 001
दूरभाष: +91 11 23383894
फैक्स: +91 11 23073340
ई-मेल: director.namami@nic.in
वेबसाईट: www.namami.org

मुद्रण एवं डिजाइन:
करंट एडवर्टाइजिंग प्राइवेट लिमिटेड

Publisher:
Director
National Mission for Manuscripts
11, Mansingh Road
New Delhi - 110 001
Tel.: +91 11 23383894
Fax: +91 11 23073340
E-mail: director.namami@nic.in
Website: www.namami.org

Print & Design:
Current Advertising Pvt. Ltd.

राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन

ग्यारहवें वर्ष का प्रतिवेदन

2013 - 2014

राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन

वार्षिक प्रतिवेदन 2013-14

भारत साधिकार दावा कर सकता है कि उसके पास विश्व का विशालतम पाण्डुलिपि भण्डार है । भारत के पास न केवल साहित्यिक विरासत का विशालतम भण्डार है अपितु यह पाण्डुलिपि संरक्षण प्रयास में अग्रणी है। राष्ट्रीय पाण्डुंलिपि मिशन पाण्डुलिपि संरक्षण और उसमें निहित ज्ञान के प्रसार हेतु राष्ट्रीय स्तर पर किया गया विश्व में प्रथम समेकित प्रयास है। राष्ट्रीय पाण्डुंलिपि मिशन ने सन् 2002 में अपनी स्थापना से लेकर अभी तक 'भविष्य के लिए अतीत का संरक्षण' के अपने आदर्श को पूरा करने हेतु एक लम्बी यात्रा तय की है। यह देशभर में फैले अपने सौ से अधिक केन्द्रों और लगभग 350 उप केन्द्रों के माध्यम से कार्य निष्पादित करता है।

राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन संपूर्ण देश में स्थापित विभिन्न प्रकार के केन्द्रों के माध्यम के कार्य करता है। श्रेणी के अनुसार केन्द्रों की संख्या निम्नलिखित हैं -

पाण्डुलिपि संसाधन केन्द्र (एम.आर.सी.)-28
पाण्डुलिपि संरक्षण केन्द्र(एम.सी.सी.)- 34
पाण्डुलिपि सहयोगी केन्द्र(एम.पी.सी.)-42
पाण्डुलिपि संरक्षण सहयोगी केन्द्र (एम.सी.पी.सी.)-300

संस्कृति मन्त्रालय, भारत सरकार द्वारा अपनी स्थापना के लगभग एक दशक बाद यह संस्था देश में हुए विरासत संरक्षण प्रयासों के बीच निस्संदेह रूप से सर्वाधिक लोकप्रिय एवम् प्रभावी आंदोलन के रूप में उभरकर सामने आया है।

उद्देश्य

राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन की स्थापना के उद्देश्य का उल्लेख करते समय यह कहना गलत होगा कि इसका उद्देश्य भारत और विदेश में स्थित सभी पाण्डुलिपियों की केवल पहचान, गणना, परिरक्षण और वर्णन करना है। इन कार्यों के लिए दायित्व लेने के पीछे उद्देश्य इन तक पहुँच को आसान बनाना,सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूकता बढ़ाना और शैक्षणिक तथा अनुसंधान कार्य एवं आजीवन अध्ययन हेतु इसका उपयोग करना है। विकास उद्देश्य(उद्देश्य के चरण) को निम्नलिखित श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा सकता है।

उद्देश्य 1 : प्रशिक्षण, जागरूकता और वित्तीय सहयोग के माध्यम से पाण्डुलिपियों के संरक्षण और परिरक्षण की सुविधा उपलब्ध कराना।

उद्देश्य 2: जहां कहीं भी भारतीय पाण्डुलिपियां उपलब्ध हो, उनका प्रलेखन और सूचीकरण करना, उनके संबंध में सटीक और अद्यतन सूचना रखना तथा अवलोकलन के लिए प्रस्तावित परिस्थिति की जानकारी रखना।

उद्देश्य 3: प्रकाशन और इलेक्ट्रॉनिक, दोनों रूपों में पाण्डुलिपियों को उपलब्ध कराकर उन तक आसानी से पहुंच को बढ़ावा देना।

उद्देश्य 4: भारतीय भाषा और पाण्डुलिपि शास्त्र के अध्ययन में शोध और अध्येतावृत्ति को बढ़ावा देना।

उद्देश्य 5: राष्ट्रीय पाण्डुलिपि पुस्तकालय का निर्माण करना।

तीसरी चरण में रा. पा. मि. में कई गतिविधियों को नाना रूपों में विस्तारित किया गया है।

विगत दो वर्षों के दौरान रा.पा.मि. ने स्वयं को अधिक सापेक्ष तथा प्रभावी बनाने के लिए अपनी प्राथमिकताओं को पुनः समायोजित किया है। इनमें से कुछ प्रशंसनीय कार्य इस प्रकार हैं: पूर्वोत्तर और दूरस्थ क्षेत्रों में रा.पा.मि. के कार्य का विस्तार तथा मधयकालीन बौद्धिक विरासत पर उचित जोर देना प्रशंसनीय है। एक दशक के लम्बे अनुभव से यह स्पष्ट हो गया है कि पाण्डुलिपियों के सर्वेक्षण की गतिविधियाँ एक प्रयास में ही पूरी नहीं की जा सकती। यह एक निरन्तर प्रक्रिया है और इसे स्थायी संस्थान के द्वारा निरंतर बेहतर तरीके से उन्नतिशील बनाया जा सकता है। इसलिए पाण्डुलिपियों का सर्वेक्षण पाण्डुलिपि संस्थान केन्द्रों को सुपुर्द किया गया है जो उत्तर सर्वेक्षण गतिविधियों द्वारा प्रलेखन की जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए भी उत्तरदायी हैं। इस निदर्शनात्मक बदलाव के साथ 2012 में रा. पा. मि. का तीसरा विस्तार आरम्भ किया गया था।

संरक्षण और आधुनिकीकरण पर जोर

पाण्डुलिपि संरक्षण हेतु रा.पा.मि. की एक द्वि-मुखी योजना है : क) मूल पाण्डुलिपियों के उपचारात्मक एवम् निवारणात्मक संरक्षण, और ख) सांख्यिकीकण के माध्यम से संरक्षण।

यह एक विदित तथ्य है कि रा.पा.मि. के अस्तित्व में आने से पूर्व स्वतंत्र भारत में मौजूद पाण्डुलिपि भण्डार में लगभग आधी पाण्डुलिपियां नष्ट हो गयी थी। अतएव रा.पा.मि. के कार्य में संरक्षण को समुचित सर्वोच्च प्राथमिकता दी गयी। अपने साधन संपन्न पा.सं.के. के माध्यम से पाण्डुलिपियों के संरक्षण के साथ-साथ रा.पा. मि. पाण्डुलिपि सरंक्षण एवम् संरक्षण कला व विज्ञान में लोगों को प्रशिक्षित करने हेतु कार्यशालाओं का आयोजन करता हैं। सन् 2011 में रा.पा.मि. ने अपने नयी दिल्ली स्थित मुख्यालय में प्रायः निष्क्रिय संरक्षण प्रयोगशाला को फिर से प्रारंभ किया है। हाल ही में फिर से प्रारंभ की गई इस प्रयोगशाला में वर्तमान में चार सुप्रशिक्षित संरक्षक युद्ध स्तर पर कार्यरत हैं, हालांकि जितने संरक्षकों की आवश्यकता है, उसकी तुलना में चार लोगों का होना बहुत कम है।

परिरक्षण हेतु आधुनिक तकनीकी के इस्तेमाल को रा. पा.मि. द्वारा तैयार एवम् प्रकाशित 'अभिलेखीय सामग्री के सांख्यिकीकरण हेतु दिशा-निर्देश' में परिभाषित किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य भविष्य के लिए पाण्डुलिपि संरक्षण हेतु डिजिटल प्रौधोगिकी का उपयोग करना है। राष्ट्रीय एवम् अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सांख्यिकीकरण परियोजनाओं से संबंधित सर्वोत्तम प्रयासों से जुड़े विशेषज्ञों के साथ काफी विचार-विमर्श करने के बाद रा.पा.मि. ने यह सामग्री प्रकाशित की। यह अपने तरह की देश में पहली पुस्तिका है। सांख्यिकीकरण प्रयास का उद्देश्य पाण्डुलिपियों को भविष्य के लिए सुरक्षित रखना तथा राष्ट्रीय डिजिटल पाण्डुलिपि पुस्तकालय की स्थापना करके पाण्डुलिपियों को सहज रूप से देख पाने की सुविधा उपलब्ध कराना है। रा.पा.मि. ने सन् 2011 में सांख्यिकीकरण परियोजना का तृतीय चरण प्रारंभ किया जिसके तहत अस्सी लाख पृष्ठ पाण्डुलिपियों के सांख्यिकीकरण करने की योजना है । प्रथम और द्वितीय चरणों सहित अभी तक 1.85 करोड़ पृष्ठ पाण्डुलिपियों का सांख्यिकीकरण किया जा चुका है। वर्तमान में , रा.पा.मि. के पास पाण्डुलिपियों की 1.85 करोड़ पृष्ठ डी.वी.डी. छवि उपलब्ध है।

रा.पा.मि. एक संरक्षण माध्यम के रूप में सांख्यिकीकरण की सीमाओं से परिचित है। जहां सांख्यिकीकृत प्रतियां सुविधापूर्वक उपलब्ध हो सकती हैं, वहीं परिवर्तनशील प्रौघोगिकी के इस युग और डी.वी.डी. के सीमित जीवन-अवधि को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि सांख्यिकीकृत प्रतियां दीर्घ-अवधि परिरक्षण का साधन नहीं हो सकती हैं। अतएव, रा.पा.मि. ने सभी सांख्यिकीकृत पाण्डुलिपियों की प्रतियों का माइक्रोफिल्म तैयार कर उन्हें सुरक्षित रखने की योजना बनायी है।

संक्षेप में, रा.पा.मि. का उद्देश्य पाण्डुलिपियों में निहित ज्ञान को सुरक्षित रखना तथा वर्तमान संदर्भ में उनका अधिकततम उपयोग करना है। इस लक्ष्य का पाने के विभिन्न साधन हैं - प्रलेखन, संरक्षण, सांख्यिकीकरण और प्रसारण।

देश के विभिन्न भागों में पाण्डुलिपियों, पाण्डुलिपि-शास्त्र और पाण्डुलिपियों में निहित ज्ञान के सम्बन्ध में संगोष्ठियां और व्याख्यान आयोजित किए जाते हैं। विगत दो वर्षों के दौरान तत्त्वबोध सार्वजनिक व्याख्यानमाला के अंतर्गत दिए गए व्याख्यानों को संकलित कर 4 पुस्तकें प्रकाशित की गयी हैं। संगोष्ठि आलेखों की चार पुस्तकें, पाण्डुलिपियों के विवेचनात्मक संस्करण की दो पुस्तकें और दुर्लभ अप्रकाशित पाण्डुलिपियों की तीन पुस्तकें प्रकाशित की गयी हैं। कुल मिलाकर अभी तक 37पुस्तकें प्रकाशित की गयी हैं और अनेक पुस्तकों को प्रकाशित करने की प्रक्रिया चल रही हैं। इसके साथ ही रा.पा.मि. के वेबसाइट -(www.namami.org) पर 31,23,000 पाण्डुलिपियों के बारे में सूचना उपलब्ध हैं।

विगत दो वर्षों के दौरान इस सम्बन्ध में व्याख्यानों, संगोष्ठियों और कार्यशलाओं के माध्यम से प्रसार के कार्य में कई गुना बढ़ोतरी हुयी है।

पाण्डुलिपियों में विगत पांच हजार वर्षों से हमारे देश में संचित ज्ञान का भण्डार निहित है। भारत के बौद्धिक सम्मान को बनाये रखने के लिए इस बात की आवश्कता है कि हम इसे वर्तमान संदर्भ में फलदायी एवम् लाभकारी बनाएं।



कार्यक्रम और गतिविधियां

1. प्रलेखन

- पाण्डुलिपि के राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक डाटाबेस को संपन्न बनाना।
- पाण्डुलिपि का राष्ट्रीय सर्वेक्षण तथा सर्वेक्षणोत्तर कार्यक्रम ।
- पाण्डुलिपि संसाधन केन्द्रों (एम.आर.सी.) का विस्तार और सशक्तिकरण।
- पाण्डुलिपि सहयोगी केन्द्रों (एम.पी.सी.) को सहयोग।

2. पाण्डुलिपि संरक्षण और प्रशिक्षण

- एम.सी.सी. नेटवर्क में विस्तार
- पाण्डुलिपि संरक्षण सहयोगी केन्द्रों (एम.सी.पी.सी.) की स्थापना
- संरक्षणों के राष्ट्रीय संसाधन दल की स्थापना
- शोध कार्यक्रमों को बढ़ावा
- निरोधात्मक सरंक्षण में प्रशिक्षण का समावेश
- दुर्लभ सहयोग सामग्रियों के संरक्षण हेतु कार्यशाला
- एम.सी.पी.सी. कार्यशाला
- क्षेत्र प्रयोगशालाओं की स्थापना
- एम.आर.सी. में पाण्डुलिपि संकलन का संरक्षण
- सर्वेक्षण में तथा परवर्ती सर्वेक्षण में सहयोग
- सांख्यिकीकरण में सहयोग

3. पाण्डुलिपि शास्त्र और पुरातत्वलेखन में प्रशिक्षण

- पाण्डुलिपि शास्त्र और पुरातत्वलेखन में प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन
- प्रशिक्षित मानव संसाधन का निर्माण
- भारतीय विश्वविद्यालयों में पाण्डुलिपि शास्त्र पाठ्यक्रम को लागू करना
- पाण्डुलिपियों का विवेचनात्मक संस्करण जारी करना

4. सांख्यिकीकरण के माध्यम से प्रलेखन

- परवर्ती उपयोग हेतु मूल पाण्डुलिपियों का परिरक्षण
- मूल प्रतियों में छेड़छाड़ किए बिना अध्येताओं और शोधकर्ताओं तक उनकी पहुंच और उनके उपयोग को प्रोत्साहित करना
- देश के विभिन्न संकलनों में परिरक्षित पाण्डुलिपियों की सांख्यिकीकृत प्रतियों के संसाधन आधार के रूप में डिजिटल पुस्तकालय की स्थापना।
- पाण्डुलिपि के सांख्यिकीकरण हेतु मानकों और प्रक्रियाओं का निर्माण

5. शोध और प्रकाशन

- तत्वबोध: व्याख्यानों के संकलन का प्रकाशन
- समीक्षिका: संगोष्ठी आलेखों के संकलन का प्रकाशन
- संरक्षिका : संरक्षण संगोष्ठी आलेखों के संकलन का प्रकाशन
- कृतिबोध: विवेचनात्मक संस्करणों का प्रकाशन
- प्रकाशिका : दुर्लभ पाठों का प्रकाशन
- कृति रक्षण: राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन की द्वि-मासिक पत्रिका

6. जन सम्पर्क कार्यक्रम

- सार्वजनिक व्याख्यान
- संगोष्ठी
- प्रदर्शनी आदि।

कार्यक्रम निष्पादन : सार-संक्षेप
वर्ष 2013-14

- राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन ने वर्ष 2013-14 में 15,6779 पाण्डुलिपियों के संबंध में सूचना संगृहीत की और इससे अब तक 34,94,520 पाण्डुलिपियों के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई है। वर्ष 2013-2014के दौरान रा.पा.मि. के वेब पर 1,19,565 अतिरिक्त आंकड़े डाले गए। रा.पा.मि. के वेबसाइट पर लगभग 31,23,000 आंकड़े उपलब्ध हैं।

- पाण्डुलिपि संरक्षण हेतु 12 कार्यशालाएं आयांजित की गई हैं।

- 31 मार्च, 2014 तक 70,053 पाण्डुलिपियों (1,85,75 660 पृष्ठों) का सांख्यिकीकरण पूरा किया गया है।

- तत्त्वबोध श्रृंखला के अंतर्गत 6 (5 दिल्ली में और 5 दिल्ली से बाहर) व्याख्यान आयोजित किए गए।

- विभिन्न विषयों पर राष्ट्रीय स्तर की 6 संगोष्ठियां आयोजित की गई हैं।

- पाण्डुलिपि शास्त्र और पुरातत्वलेखन पर 7 कार्यशालाएं (5 आधारभूत स्तर के और 2 उच्च स्तरीय) आयोजित की गई।

- पाण्डुलिपियों की दो प्रदर्शनियां आयोजित (एक दिल्ली, दूसरा जलन्धार में)

- पुस्तकों के 11 खण्ड तथा कृतिरक्षण के 3 अंक को जारी किया गया।

प्रलेखन

संपूर्ण भारत वर्ष में भारतीय पाण्डुलिपियाँ ज्ञात और अज्ञात संग्रहों में बिखरी हुई है। राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन (रा.पा.मि.) के मुख्य कार्यक्रमों में हमारी पहली प्रतिबद्धता भारतीय पाण्डुलिपियों का एक राष्ट्रीय आधार संग्रह (डाटावेस्) का निर्माण और संकलन है। निजी संग्रहों एवं लोक से प्राप्त विभिन्न सूचनाओं और संकलन प्रक्रियाओं के द्वारा भारतीय पाण्डुलिपियों का संकलन मिशन का एक अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है।

जब सन् 2002 में रा.पा.मि. की स्थापना की गयी थी तो इसके समक्ष पाण्डुलिपियों की उपलब्धता, उनके पता लगाने और पाण्डुलिपियों के राष्ट्रीय डाटाबेस तैयार करने की चुनौति थी। यह एक चुनौतिपूर्ण काम इसलिए भी था कि पाश्चात्य देशों में पाण्डुलिपियां जिस तरह से व्यवस्थित पाण्डुलिपि भण्डारों में उपलब्ध हैं, उस रूप में भारत में पाण्डुलिपियां इन भण्डारों तक ही सीमित नहीं हैं। यहां पर पाण्डुलिपियां, पुस्तकालयों, मठों, मंदिरों, मसजिदों सहित लोगों के घरों में भी उपलब्ध हैं। इस प्रकार भारत में न केवल सबसे अधिक पाण्डुलिपियां उपलब्ध हैं बल्कि यहां पर सर्वाधिक संख्या में पाण्डुलिपि भण्डार भी उपलब्ध हैं। मिजोरम से गुजरात तक और लेह से कन्याकुमारी तक सर्वत्र पाण्डुलिपियां उपलब्ध हैं। इस सम्बन्ध में अनुमान लगाना निरर्थक होगा।

अपनी स्थापना के पश्चात्, रा.पा.मि. ने पाण्डुलिपियों की खोज तथा प्रलेखन की चुनौति का सामना करने के लिए विस्तृत योजना तैयार की। इसके अस्तित्व के प्रथम एवम् द्वितीय चरणों में पाण्डुलिपि भण्डारों का घर-घर पता लगाने तथा सर्वेक्षण पश्चात् विस्तृत प्रलेखन पर जोर दिया गया। साथ ही दीर्घकालीन लक्ष्य का प्राप्त करने की रणनीति के तहत देश के विभिन्न भागों ने सम्बन्धित संस्थाओं का जाल तैयार किया गया। इन संस्थानों को पाण्डुलिपियों की खोज एवम् प्रलेखन का दायित्व प्रदान करने हेतु संस्थागत रूप-रेखा तैयार की गयी। धीरे-धीरे इन संस्थाओं ने अधिक प्रभावी और सटिक ढंग से प्रलेखन का दायित्व लेना प्रारंभ कर दिया। परिणामस्वरूप, पाण्डुलिपि संसाधन केन्द्रों पर सर्वेक्षण और सर्वेक्षण पश्चात् कार्य करने पर जोर दिया जा रहा है। पहले की नीति में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है, जिसके संकेत रा.पा.मि. के स्थापना काल के बाद ही दिखने लगा था। वर्ष 2013-14 में एम.आर.सी. तथा एम.सी.सी के कार्य को और आर्थिक मजबूत करते हुए इन्हें और आर्थिक कीमत तथा प्रभावी बनाने के प्रयास किये गये।

फलस्वरूप, अनेक निष्क्रिय पाण्डुलिपि संसाधन केन्द्रों में फिर से जान फूंकी गयी है और बहुत-से नए पाण्डुलिपि संसाधन केन्द्र खोले गए हैं। इससे आंचलिक असंतुलन दूर हो सकेगा और आंकड़ा संकल प्रयास को नया बल मिलेगा।

भारत में अधिकांश पाण्डुलिपि सम्पदा विद्वानों-शोधार्थियों के लिए एक संदर्भ पोर्टल पर प्रलेखन की दृष्टि से उपलब्ध कराने हेतु उपयुक्त नहीं है। कई दृष्टान्तों में हम दिखते हैं कि अतीत और वर्तमान की संस्कृति - ज्ञान में ये पाण्डुलिपियां एक शून्य की स्थिति पैदा करती है। वहां इन पाण्डुलिपियों के अभिगमन सम्बंधी ज्ञान का अभाव है।

भारत में एक करोड़ पाण्डुलिपियों के विद्यमान होने का अनुमान है। इस दृष्टि से भारत में पाण्डुलिपि का कदाचित् सबसे बड़ा भंडार है। हालांकि इस विपुल संपदा के अधिकांश अंश का प्रलेखन इस तरह से नहीं किया गया है कि उसका विद्वान और शोधकर्ता सहज रूप से उपयोग कर सकें। अक्सर इन पाण्डुलिपियों की जानकारी नहीं है अथवा इन तक लोगों की पहुंच नहीं है। इससे अतीत की ज्ञान- संस्कृति और वर्तमान के बीच एक अंतराल उत्पन्न हो गया है।

पाण्डुलिपियों के राष्ट्रीय सूचीकरण के लिए रा.पा.मि. भारत में विस्तृत पाण्डुलिपि प्रलेखन कार्य में संलग्न है। लगभग 31,23500 पाण्डुलिपियों के संबंध में सूचना रा.पा.मि. के वेबसाइट www.namami.org में पहले से उपलब्ध है। इस इलेक्ट्रॉनिक सूची में संपूर्ण देश की संस्थानिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक और निजी संकलनों की पाण्डुलिपियों के संबंध में सूचना उपलब्ध है।

उद्देश्य

- संस्थाओं और निजी संग्रहों में उपलब्ध अज्ञात पाण्डुलिपि भंडार का पता लगाना।
- देश के अनुमानित एक करोड़ पाण्डुलिपियों का प्रलेखन
- पाण्डुलिपियों के संबंध में सूचना संकलित करने तथा सजगता लाने के लिए जमीनी स्तर पर सम्पर्क करना
- पाण्डुलिपियों की इलेक्ट्रॉनिक सूची निर्मित्त कर उसे इंटरनेट पर उपलब्ध करवाना

प्रविधि

- ज्ञात-अज्ञात, निजी-सार्वजनिक, सूचीबद्ध-गैर सूचीबद्ध सभी प्रकार की पाण्डुलिपियों की पहचान करने के लिए प्रत्येक राज्य और संघ राज्य क्षेत्र में राष्ट्रीय सर्वेक्षण आयोजित करना।
- स्व-शासकीय निकाय एवं आम जन सहित राज्य और जिला प्रशासन के साथ वृहत्तर स्तर पर समन्वय करना
- पाण्डुलिपि आंकड़ा पत्र में प्रत्येक पाण्डुलिपि के प्रलेखन हेतु सर्वेक्षण पश्चात् व्यापक कार्यक्रम संचालित करना
- पाण्डुलिपि संसाधन केंद्रों(एम.आर.सी.) से आंकड़े प्राप्त करना
- आंकड़ों की छँटनी, जांच और उन्हें व्यवस्थित कर डाटाबेस में उनकी प्रविष्टि करना।
- निर्धारित प्रश्नावली और पाण्डुलिपि आंकड़ा प्रपत्र के माध्यम से भारत के बाहर भारतीय पाण्डुलिपियों के संकलन के प्रलेखन को प्रोत्साहन

आँकड़ा प्रसंस्करण :

सूचना संगृहीत करने के बाद एम.आर.सी. अथवा एम.पी.सी. पर उसकी प्रविष्टि मैनुस ग्रंथावली सॉफ्टवेयर में की जाती है और अंतत: उस सूचना को मिशन के पास भेजा जाता है जिसकी विभिन्न क्षेत्र के विद्वान जांच करते हैं।

राष्ट्रीय पाण्डुलिपि इलेक्ट्रॉनिक डाटाबेस

राष्ट्रीय पाण्डुलिपि इलेक्ट्रॉनिक डाटाबेस भारतीय पाण्डुलिपियों का अपने तरह का पहला ऑनलाइन सूचीकरण है। ऐसा विभिन्न संस्थाओं द्वारा अतीत में पाण्डुलिपि प्रलेखन के विभिन्न प्रयासों के कारण संभव हुआ। मिशन के आंकड़े पत्र के माध्यम से प्रलेखित प्रत्येक पाण्डुलिपि से जुड़ी सूचना के विभिन्न पहलू सूची में अंकित होते हैं, यथा- शीर्षक, टिप्पणी, भाषा, लिपि, विषय, उपलब्धता स्थान, पृष्ठों की संख्या, चित्र, लेखन, तिथि आदि। समेकित पोर्टल के रूप में इसे लेखक, विषय जैसी श्रेणियों से खोजा जा सकता है।

भारत के संपन्न बौद्धिक विरासत के प्रति लोगों को संवेदनशील बनाने के साथ-साथ डाटाबेस भावी पीढ़ी के लिए पाण्डुलिपियों को संरक्षित करने, परिरक्षित करने, सांख्यिकी कृत करने, उन तक पहुंच को बढ़ावा देने और सुरक्षित रखने की दिशा में भविष्य में नीति निर्माण करने को प्रोत्साहित करेगा।

आंकड़ा संग्रह विवरण

वर्ष	प्राप्त आंकड़े	अनुरक्षित आंकड़े
2003–2004	88,569	88,569
2004–2005	2,02,563	2,91,132
2005–2006	7,70,111	10,61,243
2006–2007	7,03,196	17,64,439
2007–2008	8,13,151	25,77,590
2008–2009	2,76,271	28,53,561
2009–2010	2,14,114	30,67,975
2010–2011	2,15,442	32,79,028
2011–2012	21,549	34,94,520
2012–2013	1 94 749	36,89,269
2013–2014	1,56,779	38,46,048

आंकड़ा प्रसंस्करण विवरण (2013–2014)

क्र. सं.	श्रेणी	31 मार्च, 2013 तक की स्थिति	31 मार्च, 2014 तक की स्थिति
1.	इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में उपलब्ध कुल आंकड़े	27,30,000	28,68,000
2.	पृष्ठ के रूप में प्राप्त कुल आंकड़े	9,58,000	9,78,000
3.	कुल संपादित आंकड़े	30,48,000	31,90,000
4.	वेबसाइट पर जारी कुल आंकड़े	30,03,000	31,23,000

एम.आर.सी. का योगदान

क्र.सं	एम.आर.सी.के नाम	31 मार्च 2013 तक प्राप्त कुल आंकडे	2013-14 में प्राप्त आंकडे	31 मार्च 2014 तक प्राप्त कुल आंकड़े
1.	अखिल भारतीय संस्कृत परिषद महात्मा गांधी मार्ग हजरतगंज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश	29,950	4,809	34,759
2.	आनंदआश्रम संस्था, 22 बुधवार पीठ, पुणे, महाराष्ट्र - 411 002	56,147	11	56,158
3.	आन्ध्रप्रदेश सरकार प्राच्य पाण्डुलिपि पुस्तकालय एवम् शोध संस्थान, जामा-ए-ओसमानिया, ओसमानिया विश्वविद्यालय परिसर , हैदराबाद, आन्ध्रप्रदेश-500007	24,934	9,631	34,547
4.	बी.सी.गुप्ता मेमोरियल लाइब्रेरी, गुरुचरण कॉलेज, सिल्चर, असम - 788004	602	0	602

क्र.सं	एम.आर.सी.के नाम	31 मार्च 2013 तक प्राप्त कुल आंकडे	2013-14 में प्राप्त आंकडे	31 मार्च 2014 तक प्राप्त कुल आंकड़े
5.	भाई बीर सिंह साहित्य सदन, भाई बीर सिंह मार्ग, गोल मार्केट नयी दिल्ली-1	214	0	214
6.	भण्डारकर प्राच्य शोध संस्थान, दक्कन जिमखाना, पुणे , महाराष्ट्र-411037	71,544	276	71,820
7,	बी.एल. प्राच्यविद्या संस्थान, विजय वल्लभ स्मारक परिसर, 20 वां के एम, जी.टी.कर्नाल रोड, पोस्ट - अलीपुर, दिल्ली-36	1,689	0	1,689
8.	केंद्रीय बौद्ध अध्ययन संस्थान चोग्लामसार, लेह, लद्दाख, जम्मू-कश्मीर -194001	9,242	0	9,242
9.	इतिहास विभाग, त्रिपुरा विश्वविद्यालय, सूर्यमणिनगर, त्रिपुरा वेस्ट	0	0	0
10.	संस्कृत विभाग, एच.एन.बी.गढ़वाल विश्वविद्यालय, पौढ़ी गढ़वाल, उत्तराखंड - 246001	2340	0	2,340
11.	संस्कृत, पाली एवं प्राकृत विभाग, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र-136119	29,454	4,878	34,332
12.	तमिल विभाग, मद्रास विश्वविद्यालय, चेन्नै, तमिलनाडु	5,222	0	5,222
13.	राज्य पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय निदेशालय, स्टोन बिल्डिंग, पुराना साचिवालय, श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर -190001	36,293	2,708	39,001
14.	डॉ. हरिसिंह गौड़ विश्वविद्यालय, गौड़नगर, सागर, म.प्र.-470003	58,173	0	58,173
15.	फ्रेंच संस्थान पुदुच्चेरी, 11, सेंटलुई स्ट्रीट , पीबी-33, पुदुच्चेरी 605001	58,892	3,572	62,464
16.	सरकारी प्राच्य पाण्डुलिपि पुस्तकालय, चेन्नै, तमिलनाडु	18,110	6000	24,110
17.	हिमाचल कला, संस्कृति एवम् भाषा अकादेमी, क्लिफ एंड इस्टेट , शिमला, हिमाचल - 171001	87,547	13,696	1,01,243
18.	प्राच्य अध्ययन संस्थान, महर्षि कार्वे रोड, नौपाड़ा, थाने वेस्ट, महाराष्ट्र	2,800	0	2,800
19.	ताय अध्ययन एवं शोध संस्थान, मोरानहाट, जिला- शिबसागर, असम	2,199	3,781	5,980
20.	कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, कामेश्वरनगरम्, दरभंगा, बिहार- 846 004	10,403	0	10,403
21.	कन्नड विश्वविद्यालय, हम्पी, विद्यारण्य, हॉस्पेट तालुक, जिला - बेल्लाड़ी, कर्नाटक - 583276	56,777	0	56,777
22.	कविकुलगुरू कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय, बाघला भवन, सितलवाड़ी, माण्डा रोड, रामटेक, महाराष्ट्र-441106	12,306	0	12,306
23.	केलाडी संग्रहालय एवं इतिहास शोध संस्थान, पोस्ट-केलाडी, सागर तालुक, जिला- शिमोगा, कर्नाटक	23,461	3,907	27,368

क्र.सं	एम.आर.सी.के नाम	31 मार्च 2013 तक प्राप्त कुल आंकडे	2013-14 में प्राप्त आंकडे	31 मार्च 2014 तक प्राप्त कुल आंकड़े
24.	खुदा बख्श प्राच्य सार्वजनिक पुस्तकालय, अशोक राजपथ, पटना, बिहार -800004	23,144	0	23,144
25.	कृष्णकांत हांडिक पुस्तकालय, गुवाहाटी विश्वविद्यालय, गोपीनाथ बरदलई नगर, असम	26,021	0	26,021
26.	कुंद-कुंद ज्ञानपीठ, 584, एम. जी. रोड, तुकोगंज, इंदौर , म. प्र. - 452 001	57,449	2,983	60,432
27.	लालभाई दलपतभाई प्राच्यविद्या संस्थान, नवरंगपुर, निकट गुजरात विश्वविद्यालय, अहमदाबाद, गुजरात-380 009	64,740	0	64,740
28.	तिब्बती रचना एवम् अभिलेख पुस्तकालय, गंचेन क्यिसांग, धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश -176215	1,21,731	1,340	1,23,071
29.	महाभारत संशोधन प्रतिष्ठान, 1/ई, तृतीय क्रॉस, गिरिनगर प्रथम फेज, बंगलुरू, कर्नाटक - 560085	59,886	0	59,886
30.	मणिपर राज्य अभिलेखागार, किसामपट, इम्फल, मणिपुर - 795 001	43,527	1,886	45,413
31.	पाण्डुलिपि पुस्तकालय, हार्डिंग भवन, प्रथम तल, सीनेट हाउस, 87/1, कॉलेज स्ट्रीट, कलकत्ता विश्वविद्यालय, कोलकाता, पश्चिम बंगाल -700073	1,14,566	5,200	1,19,766
32.	मज़ाहार मेमोरियल संग्रहालय, बाहरीबाद, ग़ाज़ीपुर, उ.प्र.	22,000	13,000	35,000
33.	नव नालंदा महाविहार, नालंदा - 803111	34,762	2,498	37,260
34.	राष्ट्रीय प्राकृत अध्ययन एवं शोध संस्थान श्रावणबेलगोला, जिला- हासन, कर्नाटक - 573135	70,440	2,083	72,523
35.	ओ.आर.आई. श्रीवेंकटेश्वर विश्वविद्यालय, तिरूपति, आंध्रप्रदेश - 517502	36,763	0	36,763
36.	ओ.आर.आई., मैसूर विश्वविद्यालय कौटिल्य सर्कल, मैसूर, कर्नाटक - 570005	78,141	0	78,141
37.	ओ.आर.आई. एवं पाण्डुलिपि पुस्तकालय, केरल विश्वविद्यालय, तिरूअनंतपुरम, केरल - 695585	79,062	1,334	80,396
38.	उड़ीसा राज्य संग्रहालय, भुवनेश्वर, उड़ीसा	2,94,076	0	2,94,076
39.	पटना संग्रहालय, विद्यापति मार्ग, पटना, बिहार	13,811	11,006	24,817
40.	राजस्थान प्राच्य शोध संस्थान, पी.डब्ल्यू.डी.रोड, जोधपुर, राजस्थान - 342011	2,38,489	2,600	2,41,089
41.	रामपुर राज़ा पुस्तकालय, रामपुर, उत्तर प्रदेश-244 901	43,300	0	43,300
42.	सलारजंग संग्रहालय, म्युजियम रोड हैदराबाद , आन्ध्रप्रदेश	40,845	0	40,845
43.	संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वनारस , उत्तरप्रदेश - 221001	62,779	4,487	67,266

क्र.सं	एम.आर.सी.के नाम	31 मार्च 2013 तक प्राप्त कुल आंकडे	2013-14 में प्राप्त आंकडे	31 मार्च 2014 तक प्राप्त कुल आंकड़े
44.	सरस्वती, भद्रक विहार, भद्रक, उड़िसा - 756113	1,28,804	3,326	1,32,130
45.	सिंधिया प्राच्य शोध संस्थान , उज्जैन, बिक्रम विश्वविद्यालय, म.प्र.	38,840	0	38,840
46.	शिवाजी विश्वविद्यालय, कोल्हापुर, महाराष्ट्र	6,517	1,111	7,628
47.	श्री सत श्रुत प्रभावना न्यास, जूनी मानेकवाड़ी, भावनगर, गुजरात - 364001	81,810	6,223	88,033
48.	श्रीद्वारिकाधीश संस्कृत अकादेमी एवम् प्राच्यविद्या शोध संस्थान , द्वारिका, गुजरात	0	0	0
49.	श्रीचन्द्रशेखरानंद सरस्वती विश्व महाविद्यालय (विश्वविद्यालयवत) कांचिपुरम, तमिलनाडु-631561	40,961	0	40,961
50.	श्रीदेव कुमार जैन प्राच्य शोध संस्थान, देवस्थान, महादेव रोड, आरा, बिहार-802 301	1,17,114	3,039	1,20,153
51.	तंजौर महाराज सरुोजी सरस्वती महल पुस्तकालय, तंजौर, तमिलनाडु-613 009	35,914	0	35,914
52.	थुंचन स्मृति न्यास, थुंचन परम्बा, जिला- मामलपुरम, केरल - 676101	1,66,159	9,067	1,75,226
53.	उत्तरांचल संस्कृत अकादमी, हरिद्वार, उत्तराखंड - 249 401	30,000	1,999	31,999
53.	विश्वेश्वरानंद विश्वबंधु संस्कृत एवम् प्राच्यविद्या अध्ययन संस्थान, होशियारपुर, पंजाब-146021	27,093	0	27,093
54.	वृन्दावन शोध संस्थान, रमणरेती, वृन्दावन-281121	52,110	21,097	73,207
55.	जामिया हमदर्द, हमदर्द नगर, नई दिल्ली	3,621	00	00
56.	धरोहर अध्ययन केन्द्र त्रिपुनिथुरा, जिला - एर्णाकुलम, केरल	3,735	0	3,735

संरक्षण

वर्ष 2002 में जब रा.पा.मि. की स्थापना की गई थी उस समय एक तरफ से प्रशिक्षित व्यक्तियों का अभाव था। एक तरफ संरक्षण क्षेत्र में मानक दिशा निर्देशों की कमी थी तो दूसरी तरफ भारतीय पाण्डुलिपियों – संग्रहों की दयनीय स्थिति त्वरित कदम उठाने की मांग कर रहे थे। इन परिस्थितियों में रा.पा.मि. ने कार्य करना आरम्भ किया और एक दश के उपरान्त परिस्थितियां पूरी तरह बदल चुकी है। यद्यपि आत्म संतोष के लिए कोई स्थान नहीं है।

राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन पाण्डुलिपि की विशाल निधि में निहित ज्ञान की विरासत को सुरक्षित रखने तथा उसके प्रसार के लिए राष्ट्रीय स्तर पर किया गया विश्व में प्रथम समेकित प्रयास हैं। सन् 2002 में अपनी स्थापना काल से रा.पा.मि. ने अपने आदर्श वाक्य ''भविष्य हेतु अतीत के संरक्षण'' को पूरा करने के लिए एक लम्बी यात्रा तय की है।

रा. पा. मि. के संरक्षण प्रयास के तीन आयाम हैं :

1. मूल पाण्डुलिपियों का संरक्षण
2. सांख्यिकीकरण के माध्यम से संरक्षण
3. माइक्रोफिल्म के माध्यम से संरक्षण

मूल पाण्डुलिपियों का संरक्षण निवारक एवं उपचारात्मक विधियों से किया जाता है। इस उद्देश्य के लिए जो मानक प्रविधि अपनायी जाती है, उसका परंपरागत भारतीय विधियों और तैयार हुयी एवं पालन की जा रही आधुनिक वैज्ञानिक विधियों – दोनों के सकारात्मक पक्षों को शामिल किया जाता है। प्राथमिकता के आधार पर देश के विभिन्न स्थानों पर निवारणात्मक एवं उपचारात्मक कार्यशालाओं का आयोजन करने के साथ-साथ पाण्डुलिपि संरक्षण का काम 50 पाण्डुलिपि संरक्षण केन्द्रों के द्वारा सम्पन्न कराया जाता है। संरक्षण कार्यशालाओं में दो उद्देश्यों को ध्यान में रखा जाता है – पाण्डुलिपि का सरंक्षण और इस क्षेत्र में प्रशिक्षित मानव संसाधन का विकास करना। संरक्षण की तुरंत आवश्यकता को महसूस करते हुए रा. पा. मि. ने पाण्डुलिपि संरक्षण को व्यापक स्तर पर प्रारंभ किया है। इन उपायों के साथ ही रा. पा. मि. ने अपने नयी दिल्ली स्थित मुख्यालय में एक प्रयोगशाला प्रारंभ की है। यहां पर छः सुप्रशिक्षित संरक्षक निवारक एवम् उपचारात्मक उपायों द्वारा महत्वपूर्ण पाण्डुलिपियों के सरंक्षण को मूर्त रूप दे रहे हैं।

वर्ष 2013-2014 के दौरान आयोजित कार्यशाला

क्र.स.	तिथि	कार्यशाला के नाम	सहयोगी संस्थान के नाम एवम् स्थान	संरक्षित पृष्ठों की कुल संख्या
1.	11–15 नवम्बर, 2013	निवारक संरक्षण कार्यशाला	मणिपुर राज्य अभिलेखागार, कैशाम्पात, इम्फाल – 795001	250
2.	18–12 फरवरी, 2014	निवारक संरक्षण कार्यशाला	आन्ध्रप्रदेश राज्य अभिलेखागार एवं शोध संस्थान हैदराबाद	1500
3.	8–13 मार्च, 2014	निवारक संरक्षण कार्यशाला	पटना संग्रहालय विद्यापति मार्ग पटना	225

क्र.स.	तिथि	कार्यशाला के नाम	सहयोगी संस्थान के नाम एवम् स्थान	संरक्षित पृष्ठों की कुल संख्या
4.	10-15 मार्च, 2014	निवारक संरक्षण कार्यशाला	कुन्दकुन्द ज्ञानपीठ 584 एम.जी. रोड तुकोगंज, लखनऊ	2000
5.	2 सितम्बर-8 अक्टूबर, 2014	उपचारात्मक संरक्षण कार्यशाला	इनटाक् आई सी आई ओडिसा कला संरक्षण केन्द्र, भुवनेश्वर ओडिशा	.
6.	17 फरवरी-15 मार्च, 2014	उपचारात्मक संरक्षण कार्यशाला	इनटाक् लखनऊ, उत्तरप्रदेश	.

पाण्डुलिपि संरक्षण केन्द्रों का योगदान

क्र. सं.	पाण्डुलिपि संरक्षण केन्द्रों के नाम	निवारक संरक्षण के अंतर्गत संरक्षित पाण्डुलिपि	निवारक संरक्षण के अंतर्गत संरक्षित पन्ने	उपचारक संरक्षण के अंतर्गत संरक्षित पाण्डुलिपि	उपचारक संरक्षण के अंतर्गत संरक्षित पन्ने	संरक्षित पृष्ठों की कुल संख्या
1.	ए आई टी आई एच वाई ए, प्लाट न. 4/330, प्रथम तल, पोस्ट- शिशुपाल गडा(नजदीक गंगुआ पुल, पुरी रोड), भूवनेश्वर-2 , उड़िशा	148	24,906	55	2,976	27,882
2.	अकलंक शोध संस्थान, अकलंक विद्यालय संगठन,बसंत विहार, कोटा, राजस्थान	141	15,951	24	7362	23,313
3.	आंध्रप्रदेश राज्य अभिलेखागार एवम् शोध संस्थान, तारनाका, हैदराबाद-7,आंध्रप्रदेश	29	41,773	20	27,843	69,616
4.	भंडारकर प्राच्य शोध संस्थान, दक्कन जिमखाना, पुणे, महाराष्ट्र - 411037	11	1,859	11	871	2,730
5.	केन्द्रीय बौद्ध अध्ययन संस्थान,चोग्लामसार लेह(लद्दाख), जम्मू-कश्मीर - 194001	2	509	2	509	1,018
6.	केन्द्रीय पुस्तकालय बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, बनारस, उत्तरप्रदेश	3593	91,783	41	3,033	94,816
7.	भाषा एवम् संस्कृति विभाग, हिमाचल राज्य संग्रहालय, चौड़ा मैदान, शिमला, हिमाचल प्रदेश - 171004	417	31,673	37	5,371	37,044
8.	संस्कृत, पाली एवम् प्राकृत विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र, हरियाणा	.	25,150	.	1256	26,406
9.	दिगम्बर जैन पाण्डुलिपि संरक्षण केन्द्र, जैन विद्या संस्थान, दिगम्बर जैन नसीम भट्टारकजी, स्वामी रामसिंह मार्ग, जयपुर, राजस्थान- 302004	1,125	27,635	61	7,503	35,138
10.	रामपुर राज़ा पुस्तकालय, हामिद मंजिल, किला रामपुर, रामपुर, उत्तर प्रदेश		8,244	16	2,901	11,145

क्र. सं.	पाण्डुलिपि संरक्षण केन्द्रों के नाम	निवारक संरक्षण के अंतर्गत संरक्षित पाण्डुलिपि	निवारक संरक्षण के अंतर्गत संरक्षित पन्ने	उपचारक संरक्षण के अंतर्गत संरक्षित पाण्डुलिपि	उपचारक संरक्षण के अंतर्गत संरक्षित पन्ने	संरक्षित पृष्ठों की कुल संख्या
11.	कृष्णकांत हॉडिक पुस्तकालय, गुवाहाटी विश्वविद्यालय, गोपीनाथ बरदलई नगर, असम	292	19911	13	721	20632
12.	आई सी के पी ए सी, इनटैक, चित्रकला परिषद , कला संरक्षण केन्द्र, कुमार कुरूप मार्ग, बंगलुरु , कर्नाटक – 560001	482	54,421	96	10,954	65,375
13.	भारतीय संरक्षण संस्थान परिषद, एच आई जी – 44, सेक्टर – ई, अलीगंज स्कीम , लखनऊ, उत्तर प्रदेश – 226024	.	.	185	6727	6727
14.	इनटैक आई सी आई, उड़िशा कला संरक्षण केन्द्र, उड़िशा राज्य संग्रहालय परिसर, भुवनेश्वर, उड़िशा – 751014	77	8,913	159	15,953	24,506
15.	केलादी संग्रहालय एवं इतिहास शोध संस्थान , पो. – केलादी, सागर तालुक, जिला – शिमोगा, कर्नाटक – 577401	271	28,031	613	92,635	1,20,666
16.	भोगीलाल लहरचन्द इंस्ट्टीच्यूट ऑफ इण्डोलोजी, जी.टी. करनाल रोड, अलीपुर, दिल्ली	140	7,751	98	4,353	12,104
17.	कुन्दकुन्द ज्ञानपीठ, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, 584,एम.जी. रोड तुकोगंज, इंदौर – 452 001	1703	1,21455	2	307	1,21,762
18.	मणिपुर राज्य अभिलेखागार, केईसमपट, इम्फल , मणिपुर . 795 001	52	27,553	131	2433	29,986
19.	पाण्डुलिपि पुस्तकालय, हार्डिंग भवन, प्रथम तल, सीनेट हाउस, 87/1 कॉलेज स्ट्रीट, कलकत्ता विश्वविद्यालय, कोलकाता, पश्चिम बंगाल – 700073	1277	26,313	.	.	23,313
20.	मजहर स्मृति संग्रहालय, बहारियाबाद, ग़ाज़ीपुर, उत्तर प्रदेश	305	55,081	.	.	55,081
21.	नागार्जुन बौद्ध फाउन्डेशन, 18 अंधियारी बाग, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश – 273001	1,281	20,928	.	.	20,928
22.	राष्ट्रीय प्राकृत अध्ययन एवं शोध संस्थान, श्रीदेवल तीर्थम्, श्रावणबेलगोला , जिला-हासन, कर्नाटक	393	67,777	.	.	67,777
23.	प्राच्य शोध संस्थान, श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय, तिरूपति, आन्ध प्रदेश-517507	167	15,261	55	1028	16,289
24.	प्राच्य शोध संस्थान एवं पाण्डुलिपि पुस्तकालय, केरल विश्वविद्यालय, तिरूअनंतपुरम, केरल-695585	955	1,94,713	955	21,540	2,16253

क्र. सं.	पाण्डुलिपि संरक्षण केन्द्रों के नाम	निवारक संरक्षण के अंतर्गत संरक्षित पाण्डुलिपि	निवारक संरक्षण के अंतर्गत संरक्षित पन्ने	उपचारक संरक्षण के अंतर्गत संरक्षित पाण्डुलिपि	उपचारक संरक्षण के अंतर्गत संरक्षित पन्ने	संरक्षित पृष्ठों की कुल संख्या
25.	उड़िशा राज्य संग्रहालय, उड़िशा	162	37,011	10	528	37,539
26.	पटना संग्रहालय, विद्यापति मार्ग, पटना, बिहार	2,254	60,732	102	2029	62,761
27.	हिमालयन सोसाइटी धरोहर एवं कला संरक्षण, मार्केण्डेय हाउस, रानीबाग, नैनीताल - 263126, उत्तराखण्ड	353	16,583	256	7,775	24,358
28.	संभलपुर विश्वविद्यालय पुस्तकालय, संभलपुर विश्वविद्यालय, बुर्ला, उड़िशा - 768001	205	1,46,266	35	14,684	1,60,950
29.	श्रीदेव कुमार जैन प्राच्य शोध संस्थान, देवाश्रम, महादेव रोड, आरा, बिहार- 802301	356	56,230	60	4,607	60,837
30.	श्रीवादीराज शोध फांउन्डेशन, श्रीपुथिगे मठ, कार स्ट्रीट, उडूपी, कर्नाटक	461	37,356	162	4,110	41,466
31.	थुंचन स्मृति न्यास, थुंचन परम्बू, जिला- मामलपुरम, केरल - 676 101	78	22,033	.	.	22,033
32.	त्रिपुरा विश्वविद्यालय, सूर्यमणिनगर, त्रिपुरा वेस्ट, त्रिपुरा	.	13,071	11	690	13,761
33.	पाण्डुलिपि विज्ञान अध्ययन केन्द्र, कन्नड़ विश्वविद्यालय, हाम्पि, कर्नाटक	221	20,990	223	25ए409	46,399
34.	वृन्दावन शोध संस्थान, रमणरेती, वृन्दावन , उ.प्र . 281121	2767	16,227	277	52,187	68,414

Participants at the Curative Conservation Workshop, held at NRLC, Lucknow (17th Feb. – 15th March, 2014)

रा.पा.मि. दिल्ली प्रयोगशाला में 1 अप्रैल 2013 से 31 मार्च 2014 में संरक्षण

रा.पा.मि. ने नई दिल्ली स्थित कार्यालय में एक संरक्षण प्रयोगशाला की स्थापना की है (11 मानसिंह रोड, तीसरी मंजिल, नई दिल्ली 110001)। प्रयोगशाला ने 7 सितम्बर 2011 से कार्य आरम्भ कर दिया है। वर्ष 2013-14 के अंतर्गत रा.पा.मि. प्रयोगशाला में संरक्षक समूह ने 19,197 फोलिओ पर कार्य किया है। (11,982 फोलियो रोधात्मक रूप में और 7215 फोलिओ उपचारात्मक रूप में)। किये गये कार्य का विवरण इस प्रकार है।

क्रम सं.	भण्डार कर्ता	पाण्डुलिपि प्राप्त	कुल फोलियो	कार्य की स्थिति 1 अप्रैल, 31 मार्च 2014
1.	के के मिश्र	40 पेपर पाण्डुलिपि	1099 फोलियो	सम्पूर्ण
2.	जमिया - हन्सोत-भरूच्च, गुजरात	18 पेपर पाण्डुलिपि	2170 फोलियो	सम्पूर्ण
3.	रा.पा.मि., नई दिल्ली	8 पेपर पाण्डुलिपि	287 फोलियो	सम्पूर्ण
4.	प्रो. अब्दुल् हक्, नई दिल्ली	2 पेपर पाण्डुलिपि	287 फोलियो	सम्पूर्ण
5.	श्री राजेश आचार्य, बनारस	1 पेपर पाण्डुलिपि	172 फोलियो	सम्पूर्ण
6.	प्रो. शेरिफ् कस्मि, नई दिल्ली	1 पेपर पाण्डुलिपि	115 फोलियो	सम्पूर्ण
7.	प्रो. एम डी अफजल - उर रहमान, नोएडा	60 पेपर पाण्डुलिपि	25,000 फोलियो	जारी है
8.	ओम प्रकाश मित्तल, पंजाब	1 पेपर पाण्डुलिपि	409 फोलियो	जारी है
9.	प्रो. लोकेश चन्द्रा, नई दिल्ली	2 पेपर पाण्डुलिपि	88 फोलियो	जारी है

Conservators at NMM Lab., 11 Mansingh Road, New Delhi

सांख्यिकीकरण

पाण्डुलिपि के सांख्यिकीकरण का तात्पर्य है शब्द सम्पदा रूपी विरासत का परीक्षण और प्रलेखन करना। वर्तमान समय में सांख्यिकीकरण एक महत्त्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में उभरकर सामने आया है। सूचना प्रौद्योगिकी में प्रगति के कारण जहां एक ओर मूल पाठ के परिरक्षण और प्रलेखन की आशा बंधती है वहीं दूसरी ओर इसी के साथ विद्व ानों और शोधार्थियों के लिए उसकी उपलब्धता पहले की तुलना में अधिक सुलभ हो गई है। सन् 2004 में मिशन ने सांख्यिकीकरण की एक पायलट परियोजना की शुरूआत की जिसका उद्देश्य संपूर्ण देश के विभिन्न पाण्डुलिपि भंडारों का सांख्यिकीकरण था। सन् 2006 में पायलट परियोजना पूरी हो गई। इसके उपरांत नई परियोजनाओं की शुरूआत हुई। जिनका लक्ष्य देश के महत्वपूर्ण पाण्डुलिपि संकलनों का सांख्यिकीकरण था। नई सांख्यिकीकरण परियोजनाओं के लिए मिशन पाण्डुलिपियों हेतु एक सांख्यिकीकरण संसाधन आधार तैयार करना चाहता है।

डिजिटलीकरण के द्वितीय चरण को सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है तथा तृतीय चरण में एक तिहाई अनुमानित कार्यो का पूरा किया जा चुका है।

उद्देश्य

- भावी पीढ़ियों के लिए मूल पाण्डुलिपियों का परिरक्षण।
- मूल प्रतियों में छेड़छाड़ किए बिना उन तक विद्वानों और शोधार्थियों की पहुँच और उपयोगिता को प्रोत्साहित करना।
- देश के कुछ महत्वपूर्ण पाण्डुलिपि संकलनों की सांख्यिकीकृत प्रतियों के संसाधन आधार के रूप में सांख्यिकीकृत पुस्तकालय का निर्माण करना।
- पाण्डुलिपियों के सांख्यिकीकरण हेतु मानकों और प्रक्रियाओं का निर्माण करना।

प्रविधि

- सांख्यिकीकरण के प्रथम चरण में पायलट परियोजना के अंतर्गत पांच राज्यों में प्राप्त पाण्डुलिपियों की पांच पेटियों पर काम हुआ है।
- द्वितीय चरण के अंतर्गत देशभर में फैले पाण्डुलिपि भण्डारों की महत्त्वपूर्ण पाण्डुलिपियों की अस्सी लाख पृष्ठों का सांख्यिकीकरण किया गया।
- तृतीय चरण के अंतर्गत देशभर में फैले पाण्डुलिपि भण्डारों की महत्त्वपूर्ण पाण्डुलिपियों की अन्य अस्सी लाख पृष्ठों का सांख्यिकीकरण का लक्ष्य रखा गया है।
- सूचियों का सांख्यिकीकरण और नव कैटलोगस कैटलोगरम का सांख्यिकीकरण।
- अभिलेखीय उद्देश्य से सांख्यिकीकृत छवियों से माइक्रोफिल्म तैयार करना।
- भण्डारण एवम् सुविधापूर्वक पहुंच हेतु सांख्यिकीकृत पाण्डुलिपि पुस्तकालयों की स्थापना।

स्कैन की गई छवि हेतु छवि प्रारूप

पाण्डुलिपि के प्रत्येक पृष्ठ के लिए तीन प्रकार की छवियों को उत्पन्न करने की आवश्यकता होती है।

- मास्टर इमेज(मूल अस्वच्छ और असंपीडित)
- क्लीन इमेज (कम क्षयी स्वच्छ छवि)

- पी डी एफ - ए (व्युत्पन्न क्षयी छवि)

इन छवियों का विस्तृत विनिर्देशन

रॉ मास्टर इमेज (मूल सांख्यिकीकृत छवि)

फाइल प्रारूप : टिफ 6.0 अथवा उच्चतर

संपीडन : असंपीडित

स्थानिक रिसॉल्यूशन: 300/600 डी.पी.आई. न्यूनतम 24 ऑप्टिकल बीट्स

संसिकोटा मास्टर: 3000-5000 पिक्सल

विषय अर्द्ध आंकड़े : रा. पा. मि. द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप

फाइल नामकरण : रा. पा. मि. द्वारा यथा विनिर्दिष्ट

क्लिन मास्टर इमेज (स्वच्छ छवि)

फाइल प्रारूप : टिफ 6.0 अथवा उच्चतर

संपीडन : कम क्षय संपीडित

स्थानिक निवेदन: 8'' X 10'' 300 डी.पी.आई. 24 बीट

स्वच्छ मास्टर: 3000-5000 पिक्सल

विषय अर्द्ध आंकड़े : रा. पा. मि. द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप

फाइल नामकरण : रा. पा. मि. द्वारा यथा विनिर्दिष्ट

पी डी एफ - ए इमेज :

फाइल प्रारूप : पी डी एफ

संपीडन : ग्रुप 4 सी.सी.आई.टी.टी. क्षयी संपीडन

स्थानिक रिसॉल्यूशन: 300/600 डी.पी.आई. पर 1024 गुने 768 पिक्सल

विषय अर्द्ध आंकड़े : रा. पा. मि. द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप

फाइल नामकरण : रा. पा. मि. द्वारा यथा विनिर्दिष्ट

नामकरण परिपाटी

छवियों का नामकरण एक महत्वपूर्ण मुद्दा है जिस पर मिशन ने अत्यंत ही दक्षतापूर्वक कार्य किया है। प्रत्येक सांख्यिकीकृत पाण्डुलिपि को मिशन के इलेक्ट्रॉनिक डाटाबेस में प्रलेखित किया जा चुका है। स्कैन की गई प्रत्येक पाण्डुलिपि के मेटा डाटा (पाण्डुलिपि को वर्णित करने वाली मुख्य सूचना) सूचना के लिए पाण्डुलिपि पहचान संख्या दी गई है(मैनुस आई डी) जिसे मिशन के मैनुस ग्रंथावली सॉफ्टवेयर में सृजित किया गया है। (संस्थान में जहां पाण्डुलिपि रखी जाती है और सांख्यिकीकरण किया जाता है वहां से मैनुस आई डी और अधिग्रहण संख्या रखी जाती हैं, ये प्रत्येक पाण्डुलिपि की सांख्यिकीकृत छवि के नामकरण के आधार होते हैं।) सांख्यिकीकरण छवि के नामकरण के आधार होते हैं उसका मैनुअल आई.डी. तथा उस संस्थान द्वारा दी गई अधिग्रहण संख्या जहां ये पाण्डुलिपियाँ रखी गई है उनकी सांख्यिकीकरण किया जा रहा है।

गुणवत्ता आश्वासन

यह अनिवार्य है कि सांख्यिकीकरण गुणवत्ता नियंत्रण विश्लेषण के विभिन्न चरणों से होकर गुजरे। यह इस बात के सत्यापन के लिए स्वीकृत विधि है कि प्रत्येक प्रस्तुति मानक है। समय और वित्त की सीमा को देखते हुए , इस प्रक्रिया में लागत को कम करने के लिए किसी प्रकार के नूमने तैयार करना अनिवार्य हो जाता है। एन ए आर ए के अनुसार दस छवियां या कुल छवियों के दस प्रतिशत (जो अधिक हो) को गुणवत्ता नियंत्रण से होकर गुजरना चाहिए (यह चयन संपूर्ण संग्रह में से कहीं से भी कर लेना चाहिए)। उचित तो यह होता है कि सभी मुख्य छवियों और उनके व्युत्पन्न के संबंध में गुणवत्ता आश्वासन होना चाहिए, प्रलेखन के प्रत्येक चरण में। इस दौरान निम्नलिखित बिंदुओं पर ग़ौर करना चाहिए -

- छवि के आकार
- छवि का रिशॉल्यूशन
- फाइल प्रारूप

- छवि मोड(अर्थात रंगीन छवि रंगीन रहती है, ग्रे स्केल नहीं)
- बिट डेप्थ
- हाइलाइट और छाया का विवरण
- कुल मान
- धवलता
- कंट्रास्ट
- पैनापन (शार्पनेस)
- हस्तक्षेप
- अभिमुख(ओरिन्टेशन)
- क्रॉप्ड तथा बोर्डर क्षेत्र, छुटे हुए पाठ अंश और पृष्ठ संख्या
- छुटी हुई रेखाएं या पिक्सल
- अधिग्रहण और संक्षिप्तता सहित खराब स्तर का क्षेपक
- पाठ की पठनीयता
- फाइल नाम

समग्रता, कार्य की दक्षता और परियोजना के लक्ष्य को पूरा करने के लिए कुल प्राप्ति पर ध्यान देना चाहिए। एन. ए. आर. ए. की संस्तुति है कि एक प्रतिशत से अधिक पाण्डुलिपि अंश गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं होने पर उन पर पुन: काम करने की आवश्यकता होती है। मिशन में गुणवत्ता नियंत्रण मानदंड अच्छी तरह से परिभाषित है। खुदा बख्श ओरियन्टल पब्लिक लाइब्रेरी द्व ारा शुरू की गई प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण मानक को निर्धारित करने के लिए मिशन ने एक बैठक आयोजित की। इसमें सांख्यिकीकरण और इमेजिंग प्रौद्योगिकी के विशेषज्ञ इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि सांख्यिकीकरण एजेंसी द्वारा उपलब्ध करायी गई सामग्री की जांच करने का सर्वोत्तम और सस्ता तरीका विशेषज्ञ द्वारा यादृच्छिक जांच करना है। मिशन अंतिम सुपुर्दगी से पहले गुणवत्ता नियंत्रण के लिए सांख्यिकीकरण स्थल पर विशेषज्ञों को भेजता है और पर्यवेक्षण करता है।

उपलब्धता सुविधा मुहैया कराने की दृष्टि से सांख्यिकीकरण के लाभ और मानक परिरक्षण के रूप में सांख्यिकीकरण से होने वाली हानि को स्वीकार करते हुए , यह पूर्व के अनुभवों से स्पष्ट है कि विविध प्रस्तुतियों को होने देने के लिए मुख्य गुणवत्ता नियंत्रण स्तर पर सांख्यिकीकरण सबसे कम लागत वाली विधि है(प्रिंट, अधिग्रहण छवि और संक्षिप्त प्रस्तुति के लिए) जिसे दीर्धकालीन अवधि में मूल प्रलेखन के विकल्प के रूप में किया जा सकता है।

सांख्यिकीकरण परियोजना के अंतर्गत संस्थाएं

पायलट परियोजना तथा द्वितीय चरण के अंतर्गत देशभर की निम्नलिखित संस्थाओं में पाण्डुलिपियों का सांख्यिकीकरण किया गया :

1. केन्द्रीय अनुसंधान पुस्तकालय, श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर
2. कुट्टिअट्टम पाण्डुलिपि, केरल
3. सिद्ध पाण्डुलिपि, तमिलनाडु
4. उड़िशा राज्य संग्रहालय, भूवनेश्वर, उड़िशा
5. चुनी हुई जैन पाण्डुलिपियां
6. कृश्णकांत हांडिक पुस्तकालय, गुवाहाटी
7. हरि सिंह गौड़ विश्वविद्यालय, सागर
8. आनंद आश्रम संस्था, पुणे
9. हिमाचल कला, संस्कृति और भाषा अकादेमी, शिमला
10. वृंदावन शोध संस्थान, वृंदावन
11. एशिया अध्ययन संस्थान, चेन्नै
12. फ्रांसीसी संस्थान, पुदुच्चेरी
13. कुंद कुंद ज्ञानपीठ, इंदौर
14. भोगीलाल लहरचंद भारतविद्या संस्थान, दिल्ली
15. अखिल भारतीय संस्कृत परिषद, लखनऊ

रा. पा. मि. अपने तृतीय चरण के अंतर्गत निम्नलिखित पाण्डुलिपि भण्डारों में पाण्डुलिपि संकलनों का सांख्यिकीकरण कर रहा है :

1. राजस्थान प्राच्य शोध संस्थान, राजस्थान
2. राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान , इलाहाबाद
3. भारत इतिहास संशोधन मंडल, पुणे
4. एच. एम. एस. केन्द्रीय पुस्तकालय, जामिया हमदर्द, नयी दिल्ली
5. बी. वी. बी. आई. एस. एंड आई. एस. , पंजाब विश्वविद्यालय, होशियारपुर

सांख्यिकीकरण : प्रथम चरण (2005-2007)

क्र.स.	संस्थान का नाम	पाण्डुलिपियों की संख्या	पत्र संख्या	राज्य
1.	ओडिशा राज्य संग्रहालय			ओडिशा
2.	जैन पाण्डुलिपियाँ, लखनऊ (ओ.पि. अग्रवाल संकलन)			उत्तर प्रदेश
3.	कुटिअट्टम पाण्डुलिपियाँ, केरल			केरल
4.	ओरिएंटल अनुसंधान पुस्तकालय, जम्मू कश्मीर			जम्मू कश्मीर
5.	अल्मा इकबाल पुस्तकालय, जम्मू कश्मीर			जम्मू कश्मीर
6.	श्री प्रताप सिंह पुस्तकालय, जम्मू कश्मीर			जम्मू कश्मीर
7.	सिद्ध पाण्डुलिपियाँ, चेन्नई			तमिलनाडू
	कुल संख्या			

सांख्यिकीकरण : द्वितीय चरण (2007-2012)

क्र.स.	संस्थान का नाम	पाण्डुलिपियों की संख्या	पत्र संख्या	राज्य
	कृष्णकान्त, पुस्तकालय, गुवाहाटी			असम
	ओडिशा राज्य संग्रहालय, भुवनेश्वर			ओडिशा
	डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर			मध्य प्रदेश
	आनन्दाश्रम संस्था, पुणे			महाराष्ट्र
	भारत इतिहास संशोधन मण्डल, पुणे			महाराष्ट्र
	फ्रेंच संस्थान, पंडिचेरी			तमिलनाडु
	एसिआन अद्ययन संस्था, चेन्नई			तमिलनाडु
	कुन्दकुन्द ज्ञानपीठ, इन्दौर			मध्य प्रदेश
	भोगिलाल लेहरचन्द भारतीय विद्या संस्थान, दिल्ली			दिल्ली
	अखिल भारतीय संस्कृत परिषद, लखनऊ			उत्तर प्रदेश
	राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, इलाहाबाद			उत्तर प्रदेश
	हिमाचल अकादमी, शिमला			हिमाचल प्रदेश
	वृन्दावन शोध संस्थान, वृन्दावन			उत्तर प्रदेश
	कुल संख्या			

सांख्यिकीकरण : तृतीय चरण (20012-2014)

क्र.स.	संस्थान का नाम	पाण्डुलिपियों की संख्या	पत्र संख्या	राज्य
	भारत इतिहास संशोधन मण्डल, पुणे			महाराष्ट्र
	आनन्दाश्रम संस्था, पुणे			महाराष्ट्र
	भण्डारकर प्राच्य शोध संस्थान, पुणे			महाराष्ट्र
	इलाहाबाद संस्कृत संस्थान, वाराणसी			उत्तर प्रदेश
	जामिया हमदर्द, नई दिल्ली			दिल्ली
	वि.वि.बी.आई.एस., होशियारपुर			पंजाब

क्र.स.	संस्थान का नाम	पाण्डुलिपियों की संख्या	पत्र संख्या	राज्य
	ओडिशा राज्य संग्रहालय, भुवनेश्वर			उड़िशा
	रा. पा. मि. संकलन, नई दिल्ली			दिल्ली
	राजस्थान प्राच्य अनुसंधान संस्थान			राजस्थान
	कुल			

अन्य गतिविधियां

1. सांख्यिकीकरण पाण्डुलिपि पुस्तकालय

